वर्ष- 3 , अंक- 122
छपरा
1 अप्रैल बुधवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## बिहार- नालंदा के मंदिर में भगदड़, 9 की मौत, कई घायल

### सीएम ने मृतकों के परिजनों के लिए छह लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की




**नालंदा,एजेंसी।** बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा।

चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है। आज नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 10 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी। हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के SHO राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है।

**चौकीदार के हवाले थी सुरक्षा :** नालंदा के मधड़ा स्थित शीतला मंदिर में हुई दर्दनाक भगदड़ घटना के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही उजागर होने के बाद दीपनगर थाना के थानाध्यक्ष राजमणि को एसपी भारत सोनी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था चौकीदार के भरोसे छोड़ दी गई थी, जिसके कारण भीड़ अनियंत्रित हो गई और समय पर वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना नहीं दी गई।

### पीएम मोदी ने जताया दुख, मृतकों के आश्रितों को 2 लाख तो घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे का ऐलान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के नालंदा के शीतला माता मंदिर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने इसमें जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने इस भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीएम मोदी के हवाले से लिखा, 'बिहार के नालंदा जिले में हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है। मैं उन लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।'

## सूरत की बिल्डिंग में आग, 5 की मौत

### इनमें चार महिलाएं, एक बच्चा शामिल, घर में रखा था 8 टन साड़ियों का स्टॉक



**सूरत,एजेंसी।** गुजरात के सूरत में एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था। इससे घर में पैदल चलने तक की जगह नहीं बची थी। इसी के चलते आग इतनी तेजी से भड़की कि किसी को बचने का मौका नहीं मिला।

#### मृतकों के नाम

- शाहनाज बेगम अंसारी (उम्र 65 वर्ष)
- हुसा बेगम अंसारी (उम्र 18 वर्ष)
- शबीन अंसारी (उम्र 28)
- परवीन अंसारी (उम्र 19)
- शुभान अंसारी (उम्र 4)

## बेंगलुरु में इंजीनियर कपल ने सुसाइड किया

### पति फ्लैट में फंदे से लटका मिला, पत्नी ने 17वीं मंजिल से कूदकर जान दी



**बेंगलुरु,एजेंसी।** बेंगलुरु के कोथनूर इलाके के अपार्टमेंट में एक इंजीनियर कपल की दर्दनाक मौत का मामला सामने आया है। पहले पति का शव फ्लैट के बंद कमरे में फंदे से लटके मिला। पति की मौत के कुछ ही मिनट बाद पत्नी फ्लैट से बाहर निकलीं और उसी अपार्टमेंट की 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी।

मृतकों की पहचान तेलंगाना के सिद्दीपेट निवासी भानु चंदर रेड्डी कुंटा (32) और उनकी पत्नी शाजिया (31) के रूप में हुई है। शाजिया IBM में काम करती थीं। पुलिस ने दोनों मामलों में अलग-अलग अप्राकृतिक मौत के केस दर्ज किए हैं। शुरुआती जांच में स्वास्थ्य, रिश्तों में तनाव और मानसिक दबाव समेत विभिन्न पहलुओं को खंगाला जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही मौत की असली वजह और पूरा घटनाक्रम स्पष्ट हो सकेगा।

## घरों तक जंग की आंच, दूध-किराना-इलाज महंगे होंगे

### रोजमर्रा के सामान के दाम बढ़ाने की तैयारी; कॉमर्शियल LPG की कमी से हजारों प्लास्टिक यूनिट बंद

**नई दिल्ली/मुंबई/भोपाल,एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने कंपनियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। कच्चे तेल और अन्य कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से लागत बढ़ रही है और कंपनियां दाम बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इससे बोतलबंद पानी, नमक, तेल जैसी रोजमर्रा की चीजें, एसी, फ्रिज जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल से लेकर नॉन-सर्जिकल मेडिकल आइटम के दाम बढ़ सकते हैं।

वजह यह है कि इस जंग ने प्लास्टिक उद्योग की रीढ़ तोड़ दी है। बीते 30 दिनों में कच्चे माल के दाम 50-70% तक बढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाले प्लास्टिक दाने एलडीपीई के दाम 110 रु/ किलो से 180 रुपए तक पहुंच गए हैं।

अन्य पॉलीमर और रॉ मटेरियल भी 30 हजार से 70 हजार रुपए प्रति टन तक वृद्धि हुई है। ऐसे में अप्रैल में प्लास्टिक की कीमतें 50-60% तक बढ़ सकती हैं। प्लास्टिक टंकी व कंटेनर के दाम 30-40% तक बढ़ने की आशंका है।ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुनील शाह कहते हैं कि प्लास्टिक इंडस्ट्री से 5 लाख लोग जुड़े हैं।

## सीएजी रिपोर्ट: कई जवानों को समय पर वेतन-भत्ते नहीं मिले

### मिलिट्री अस्पतालों में कमियां मिली, सेना से जुड़े काम के रिकॉर्ड डिजिटल करने की सिफारिश




**नई दिल्ली,एजेंसी।** सीएजी की रिपोर्ट सोमवार को संसद में पेश की गई। रिपोर्ट में कई मिलिट्री अस्पतालों के रखरखाव में कमी की ओर भी इशारा किया गया है। यह भी बताया गया है कि काफी संख्या में सेना के जवानों को उनके वेतन-भत्ते समय पर और सही तरीके से नहीं मिले। रिपोर्ट के मुताबिक सेना के निर्माण कार्यों से जुड़े साइट रिकॉर्ड्स ठीक से नहीं रखे गए। इससे काम की क्वालिटी और ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हुआ। ऑडिट ने सिफारिश की है कि रक्षा मंत्रालय साइट रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज करे। साइट रिकॉर्ड्स वे कागज होते हैं, जिनमें काम की प्रगति, इस्तेमाल मटेरियल और टेस्ट रिपोर्ट से जुड़ी जानकारी रिकॉर्ड होती है। वहीं, कम्प्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (CAG) एक संस्था है, जो सरकारी खर्च और कामकाज का ऑडिट करती है।

## पीएम मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया

### कहा- कोरोना काल में संकल्प लिया था कि भारत इस सेक्टर का ग्लोबल हब बनेगा

- गांधीनगर में सम्राट सम्प्रति म्यूजियम का उद्घाटन किया




**अहमदाबाद,एजेंसी।** पीएम मोदी ने गुजरात के साणंद में केयन्स सेमीकॉन के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली टेस्ट (ओएसएटी) का उद्घाटन किया। इसके बाद वे प्लांट देखने पहुंचे और इंजीनियर्स से बातचीत की।

पीएम ने कहा- आज सुबह डिवाइन वाले कार्यक्रम में था और अब डिजिटल के कार्यक्रम में हूं। उन्होंने कहा- हमने कोरोना के समय ही तय कर लिया था कि भारत सेमी कंडक्टर सेक्टर का नया हब बनेगा।

पीएम के उद्घाटन के साथ ही केयन्स सेमीकंडक्टर प्लांट में प्रोफेशनल प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। पहला प्लांट भी फरवरी 2026 में साणंद में ही शुरू हुआ था। इसके बाद पीएम वाव-थराड में 20 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

इससे पहले उन्होंने सुबह करीब 10 बजे गांधीनगर में सम्राट सम्प्रति म्यूजियम का उद्घाटन किया। पीएम ने म्यूजियम का दौरा करने के बाद राष्ट्रीय संत पूज्य आचार्य पद्मसागर सूरीश्वरजी का आशीर्वाद लिया।

#### असम में भाजपा का वादा

## लव जिहाद पर एक्शन लेंगे, बांग्लादेशी मुस्लिमों की कब्जाई जमीन वापस लेंगे, यूसीसी भी लागू करेंगे




**नई दिल्ली/ तिरुवनंतपुरम/ गुवाहाटी/ कोलकाता/ चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा ने मंगलवार सुबह असम के लिए मेनिफेस्टो (संकल्प पत्र) जारी किया। इसमें लव जिहाद पर एक्शन, घुसपैठियों से कब्जाई जमीन वापस लेने, राज्य में UCC लागू करने, युवाओं को 5 साल में 2 लाख नौकरियां देने का वादा किया है। पत्र में कुल 31 वादे किए गए हैं।

इसके अलावा महिलाओं के लिए अरुनोदोई योजना के तहत हर महीने मिलने वाली राशि 1250 से बढ़ाकर 3 हजार करने का वादा किया है। लखपति दीदी योजना के तहत 40 लाख महिलाओं को 25,000 तक की सहायता देने की भी योजना का ऐलान किया है।

संकल्प पत्र जारी करने के दौरान केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, सर्बानंद सोनोवाल, असम भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया समेत अन्य नेता मौजूद रहे। इधर, तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन जब तंजावुर पहुंचे। यहां पुलिस ने उनके वाहन की जांच की। स्टालिन खुद वाहन में मौजूद थे।

## आईटी रूल बदलेंगे- निर्देश नहीं माने तो सेफ हार्बर खत्म

### अब हर कंटेंट के लिए सोशल मीडिया कंपनियां ही जिम्मेदार; डेटा डिलीट नहीं कर सकेंगे




**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने आईटी नियमन-2021 में बदलाव का नया मसौदा जारी कर दिया है। इससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स सरकारी निर्देशों की अनदेखी नहीं कर सकेंगे। उन्हें निर्देश, गाइडलाइन, एडवाइजरी माननी ही होगी। यदि वो ऐसा नहीं करते हैं तो संबंधित डिजिटल मीडिया कंपनियां सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराई जाएंगी।

इससे इन कंपनियों को सेफ हार्बर के तहत मिलने वाली कानूनी ढाल खत्म कर दी जाएगी। आईटी नियमों में सबसे अहम बदलाव यह है कि प्लेटफॉर्म अपने यूजर्स द्वारा पोस्ट किए गए हर कंटेंट के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। फिलहाल 14 अप्रैल तक सरकार ने इस मसौदे पर सार्वजनिक सुझाव, आपत्तियां मांगी हैं।

#### डिलीट नहीं कर सकेंगे डेटा

नए नियमों के मुताबिक, यदि किसी अन्य कानून के तहत डेटा सुरक्षित रखना जरूरी है तो प्लेटफॉर्म उसे डिलीट नहीं कर सकेंगे। वित्त, टैक्स या जांच से जुड़े मामलों को सुरक्षित रखना होगा।

अभी डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड सिर्फ न्यूज पब्लिशर्स पर लागू होता था, लेकिन सोशल मीडिया पर न्यूज या करंट अफेयर्स पोस्ट करने वाले यूजर भी इसके दायरे में होंगे। सरकार किसी भी कंटेंट से जुड़े मामले को सीधे समीक्षा कमेटी के पास भेज सकती है। इसके लिए किसी की शिकायत का इंतजार करना जरूरी नहीं होगा।

## लखनऊ में एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

### 36 हजार फीट ऊंचाई पर पायलट को धुआं महसूस हुआ; पैसेंजरों ने मास्क लगाए

**लखनऊ ,एजेंसी।** लखनऊ में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सोमवार शाम फ्लाइट पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से दिल्ली जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, फ्लाइट यूपी के अंबेडकरनगर के ऊपर थी, तभी पायलट के केबिन में धुआं महसूस हुआ। उस समय विमान 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। पायलट ने धुआं महसूस होते ही लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे कॉल किया। मेडे कॉल के बाद यात्रियों को ऑक्सीजन मास्क उपलब्ध करा दिए गए। लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति लेकर विमान को शाम 5:17 बजे सुरक्षित लैंड कराया। तब से फ्लाइट लखनऊ के टर्मिनल-3 पर खड़ी है।

### अपग्रेड हो रहा शी-बॉक्स पोर्टल, 17000 थाने कनेक्ट होंगे

## कोई ताने मारे, छेड़खानी करे तो पोर्टल में शिकायत दें, नजदीकी थाने से तुरंत मदद पहुंचेगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** महिलाओं को उत्पीड़न के माहौल से बचाने के लिए केंद्र सरकार तकनीकी निगरानी तंत्र को देश के सभी 17 हजार पुलिस थानों से जोड़ने जा रही है। इसके लिए शी-बॉक्स पोर्टल को अपग्रेड किया जा रहा है।

अभी पोर्टल के जरिए सरकारी और निजी क्षेत्र के दफ्तर जुड़े हैं, जहां काम करने वाली महिलाएं किसी भी तरह के लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत बिना अपनी पहचान बताए पोर्टल पर दर्ज कर सकती हैं।

पोर्टल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत काम करता है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि पोर्टल पर अब घर से ऑफिस तक आने-जाने वाले रास्ते पर होने वाले शोषण, उत्पीड़न और ताने मारने की भी शिकायत दर्ज हो सकेगी।इसमें बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बस, ट्रेन, मार्केट आदि भी शामिल रहेंगे। इसके लिए पोर्टल को तकनीकी रूप से अपग्रेड किया जा रहा है। अगले एक-दो महीनों में अपग्रेडेशन पूरा हो जाएगा और महिलाओं को सुविधा मिलने लगेगी।

**एप भी तैयार हो रहा, ताकि शिकायत में आसानी हो:** कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 2024 में शी-बॉक्स पोर्टल शुरू हुआ था। इसका मकसद ऐसी शिकायतों का रजिस्ट्रेशन और निगरानी करना है। शिकायत के समाधान के लिए क्या उपाय किए गए, इसका विवरण भी पोर्टल पर संबंधित जांच अधिकारी को दर्ज करना पड़ता है। शी-बॉक्स पोर्टल का एप वर्जन भी तैयार हो रहा है, ताकि, महिलाओं को शिकायत दर्ज करने में और आसानी रहे।




#### अभी ऐसे काम करता है शी-बॉक्स

अभी शी-बॉक्स पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के बाद इसकी जांच संबंधित कंपनी की समिति को क्क्स॥ एक्ट 2013 के नियमों के तहत करनी होती है। इसमें पीड़िता और आरोपी दोनों पक्षों की सुनवाई होती है। कानूनन इस पूरी जांच प्रक्रिया को 90 दिनों के भीतर पूरा करना अनिवार्य है, जिसके बाद अगले 60 दिनों में उचित कार्रवाई किया जाना निर्धारित है।

## रितिक को पिता का नहीं है साया, सीमित संसाधनों में 465 अंक लाकर रचा इतिहास



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** बनियापुर प्रखंड क्षेत्र के गोवा पिपरपाती पंचायत के वार्ड संख्या 08 निवासी रितिक कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक (कुल 465 अंक) प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद रितिक ने यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।रितिक के पिता स्वर्गीय रविकांत सिंह अब इस दुनिया में नहीं हैं। पिता के साए के बिना पले-बढ़े रितिक की पढ़ाई का पूरा खर्च उनके चाचा अभिमन्यु सिंह, छोटे चाचा शशिकांत सिंह और मामा राहुल सिंह ने मिलकर उठाया। परिजनों का कहना है कि ÷रितिक जहां तक पढ़ना चाहेगा, हम उसे वहां तक पढ़ाएंगे।÷ रितिक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोवा पिपरपाती से प्राप्त की। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि वह शुरू से ही एक मेहनती, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहा है। उसकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।रितिक का सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। उसकी इस उपलब्धि पर स्थानीय मुखिया अनिल शर्मा ने मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी और कहा कि उसने पूरे पंचायत का मान बढ़ाया है। उन्होंने अन्य छात्रों से भी रितिक से प्रेरणा लेने की अपील की। इस मौके पर बाबा दरोगा सिंह, चाचा अभिमन्यु सिंह, छोटे चाचा शशिकांत सिंह, नाना सावलिया सिंह, मामा राहुल सिंह सहित ग्रामीण रंजय पांडे, मणिकांत सिंह और जालंधर सिंह उपस्थित रहे। रितिक की सफलता यह संदेश देती है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो अभाव भी सफलता की राह नहीं रोक सकते।

## मैट्रिक परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्राओं ने भी नाम किया रौशन



श्वेता कुमारी



सलोनी कुमारी



अजीत कुमार

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रखण्ड के महम्मदपुर गांव मे स्थित मेडौरी देवी उच्च विद्यालय की छात्राओं ने इस वर्ष बेहतरीन सफलता हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस संस्थान के छात्रा श्वेता कुमारी पिता मनोज उपाध्याय 439 अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गुरु और गांव का नाम रोशन किया है। श्वेता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और अपने शिक्षक को देते हुए कहा कि नियमित मार्गदर्शन कर डॉक्टर बनने की बात कही। इनके अलावे सफल विद्यार्थियों में अजीत कुमार पिता प्रदूमन साहनी (430 अंक) सलोनी कुमारी पिता मनोज उपाध्याय (407 अंक) महक प्रवीण पिता नबी रसूल (407 अंक) शब्बू खातून पिता सलीम अंसारी (453अंक) तथा शबरून खातून पिता नूर हसन (466 अंक) शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र उपाध्याय ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण जैसे इलाके से इतने अच्छे परिणाम आना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। ग्रामीण परिवेश में सीमित संसाधनों के बावजूद छात्रों की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि लगन और सही मार्गदर्शन के बल पर किसी भी परिस्थिति में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया जा सकता है।

## कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट कंपनी लूटकांड के जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट कंपनी जहांगीरपुर में 4 लाख 30 हजार रूपये हुए लुटकांड के लेकर कर्मियों ने सोनपुर थाना में मंगलवार क़ो आवेदन दी है। इस घटना के सबंध में कंपनी में कार्यरत मैनेजर पुनम कुमारी ने बतायी कि कर्मियों द्वारा क्षेत्र से पैसे एकत्रित कर सोमवार के शाम मोटरसाईकिल से बैंक ऑफ़ बड़ोदा गोला बाजार सोनपुर में 4 लाख 30 हजार रूपये जमा करने जा रही थी .इसी दौरान रेलवे ढाला बंद होने के दौरान जहांगीपुर रेलवे ढाला पर एक मोटरसाइकिल पर तीन सवार लुटेरे ने पिस्तौल के भय दिखाकर 4 लाख 30 हजार रूपये लूट कर फरार हो गया है। इस घटना की जानकारी सोनपुर पुलिस को दी गयी जहाँ सुचना मिलते ही सोनपुर थाना प्रभारी नीलिमा कुमारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात सोमवार के शाम की। वही मंगलवार के कंपनी में कार्यरत ब्रांच मैनेजर पूनम कुमारी ने सोनपुर थाना में घटित घटना के लेकर एक आवेदन दी है।इस संबंध में सोनपुर अपर थानाध्यक्ष नीलीमा कुमारी ने बताई की कार्यालय कर्मियों द्वारा आवेदन मिला है. घटना की सारी बिंदुओं पर तहकीकात की जा रही है साथ ही आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाले जा रहे हैं एवं लुटेरों को चिन्हित कर उसे गिरफ्तार किया जायेगा।

## मशरक में मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन लोगों को घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर दो को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। पकड़ी गांव में रूपये के लेन देन को लेकर बिंदु देवी और चंदा देवी घायल हो गयी। परिजनों ने बताया कि रूपयों के लेन देन को लेकर मारपीट हो गई। एकावना गांव में जमीनी विवाद में सीता देवी और नैना देवी घायल हो गयी। वहीं मुन्नी मोड़ पर बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायल सिवान के दिलीप कुमार और योगेश्वर कुमार बताएं गये जो सिवान से मुजफ्फरपुर बाइक से जा रहें थे कि मुन्नी मोड़ रेलवे ढाला के पास बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। घायल दोनों का इलाज निजी क्लीनिक में हुआ।

## बिजली चोरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश पर कनीय विद्युत अभियंता सुरज कुमार, कुमार तेजस्वी, ओमप्रकाश, रामवचन व मानव बल की टीम ने बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए छपामारी जगह जगह कर रही है। इसी दौरान सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र के मालिचक गाँव ( बाध राजमान सिंह ) स्थित लालबहादुर सोनी के घर पर छपामारी किया गया। जहाँ बिजली चोरी करते हुए विकास कुमार सोनी पिता लालबाबू सोनी पकड़े गए। विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने के बावजूद चोरी से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। उक्त बात के जनकारी देते हुए जेई सुरज कुमार ने मंगलवार क़ो बताया कि विकास कुमार सोनी के यहां ?1247/- बकाया होने के कारण विधुत कनेक्शन काट दिया गया था, लेकिन वे जहां पहले मेंन सर्विस वायर में दूसरे तार द्वारा टेपिंग कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। इससे विभाग को ?28519 /- की क्षति हुई। उनसे कुल ?29766 /-की वसूली की जाएगी। इस मामले में विकास कुमार सोनी के खिलाफ विधुत विभाग के जेई सुरज कुमार ने हरिहरनाथ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# इंटर मैट्रिक परीक्षा एवं खेलकूद बेहतर करने वाले दर्जनों छात्र छात्रा हुए सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत मुख्यालय अवस्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर दर्जनों छात्र छात्रा सम्मानित किए गए। शिक्षक अभिभावक गोष्ठी के पश्चात आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार बरनवाल ने किया। जबकि संचालन वरीय शिक्षक संजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय से अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, प्रबंध समिति सदस्य छट्ठू राम, अभिभावक शिक्षक संतोष तिवारी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनकी उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी साथ हीं उन्हें नियमित स्कूल आने, अनुशासित रह पढ़ने की आदत डालने तथा सोशल मीडिया से दूरी रखने की बात कही। कार्यक्रम में इंटर विज्ञान में जिला में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अनु कुमारी, कला संकाय में बेहतर करने वाली शारदा कुमारी, खुशी कुमारी, मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले और राज्य एवं राष्ट्रीय खेल में पदक पाने वालों को मेडल, स्कूल बैग कॉपी पेन देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 9 वीं में बेहतर करने वालो में गौरव, प्रियांशु , खुशी , पुष्पा, आरती, अमन, छोटी, प्रिया, रिचा जबकि 11 वीं कक्षा में अव्वल शारदा, आकांक्षा, रितिका, अंकित, ज्योति सम्मानित किए गए। जिला स्तरीय आविष्कार प्रतियोगिता एवं संस्कृत, इको क्लब सहित अन्य प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले 70 से अधिक छात्र छात्रा को प्रधानाध्यक अरुण कुमार बरनवाल, पूर्व प्राचार्य मुकेश कुमार सहित अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। मौके पर डॉ मनोज कुमार सिंह, रामप्रवेश पंडित, प्रभात चंद्र भूषण, अरविंद कुमार सिंह, विजय कृष्ण त्रिपाठी, महेश पोद्दार , प्रियंका भास्कर, कुमारी शोभा , सुनील तिवारी, देवेंद्र कुमार सिंह, रिंकी कुमारी, राजकुमार, इंदु श्रीवास्तव सहित अन्य थे।

## सोनपुर रेलवे स्टेडियम में चल रहा टी-20 क्रिकेट मैच में इलेक्ट्रिकल टीम ने वाणिज्य विभाग को किया पराजित

### इलेक्ट्रिकल टीम के कप्तान संतोष प्रकाश को मिला मैन ऑफ द मैच




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रेलवे स्टेडियम सोनपुर में खेले जा रहे अंतर विभागीय टी 20 प्रतियोगिता लीग मैच इलेक्ट्रिकल बनाम वाणिज्य विभाग के बीच मंगलवार क़ो खेला गया। इलेक्ट्रिकल की टीम के कप्तान संतोष प्रकाश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इलेक्ट्रिकल टीम के सलामी बल्लेबाज संतोष प्रकाश ने तेज 33 रन, राहुल मिश्रा ने 26 गेंदों पर 79 और मध्यक्रम में ज्योति यादव ने शानदार 50 रन अपने टीम के लिए बनाए। इस तरह इलेक्ट्रिकल की टीम 20 ओवर में 229 रन का विशाल लक्ष्य वाणिज्य विभाग को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाणिघ्य विभाग की टीम संतोष प्रकाश के घातक गेंदबाज़ी के आगे तास के पत्तों की तरह बिखर गई। संतोष प्रकाश मैच के पहले ओवर में हीं हैट्रिक विकेट लेकर वाणिज्य विभाग की कमर तोड़ दी जिससे टीम उबर नहीं पाई। वाणिज्य विभाग के तरफ़ से मनीष कुमार सिंह एकमात्र बल्लेबाज़ जो दहाई अंक को छू सके और सर्वाधिक 26 रन बनाये और कोई बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सके। इलेक्ट्रिकल टीम के संतोष प्रकाश ने घातक स्पेल 3.2 ओवर में मात्र 16 रन देकर 6 लेकर अपनी टीम को बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी। राहुल मिश्रा ने 3 ओवर 11 रन देकर 1 विकेट अपने नाम किया।इस तरह इलेक्ट्रिकल की टीम 199 रन से मैच जीत कर इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह इलेक्ट्रिकल की लगातार पांचवी जीत है। गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन के लिए संतोष प्रकाश को मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया।

## प्रशिक्षण शिविर में जुटे सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर




**दरियापुर (सारण)।** भाजपा दरियापुर पश्चिम मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष सह सरपंच दिनेश द्विवेदी के आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान पार्टी की संगठनात्मक मजबूती, विचारधारा के विस्तार तथा आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक बताया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, वरिष्ठ नेता राजेश ओझा, श्रीनिवास सिंह, किशोर सिंह मुखिया, पूर्व मुखिया हरी सहनी, पवन सिंह, मंटू शाह, अनिल सिंह, मुकेश गिरी, मोनू जी, सुमन तिवारी, पंकज, राकेश दूबे, जयमाला देवी, लगनी देवी एवं इंदु देवी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के अंत में संगठन विस्तार एवं बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## स्कूल के वार्षिक परीक्षाफल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी( सारण)।** स्कूल के वार्षिक परीक्षाफल में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अभिभावकों ने मेडल व प्रगति पत्र देकर पुरस्कृत किया। बी के ज्ञान स्थली रसूलपुर सुतिहार में आयोजित समारोह का विधिवत उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।आगत अतिथियों का स्वागत भाषण स्कूल के निदेशक बबन कुमार पटेल ने किया। समारोह में स्कूल के टॉपर छात्र-छात्राओ में सिद्धांत, रोशनी, आराध्या, ज्योति, हर्ष, शुभम, रूदल, सौम्या, शिवानी, परिधि, जिया, प्रिंस कुमार को अंक पत्र, मेडेल से पुरस्कृत किया गया।समारोह को मुख्य से पारसनाथ साह,प्राचार्य मुन्ना कुमार सिंह, सुभाष कुमार सिंह मो.निजामुद्दीन, गुड्डी सिंह, रंजीत कुमार, संजय कुमार, जुली कुमारी, रेणु कुमारी, सुभाष कुमार सिंह , रंजीत कुमार, रॉबिन विश्वकर्मा आदि ने संबोधित किया।अध्यक्षता व मंच संचालन निदेशक बबन कुमार पटेल ने किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत मंगलवार को प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पानापुर में भाजपा कार्यसमिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा के विभिन्न मोर्चो, प्रकोष्ठों एवं पंचायत अध्यक्षों ने भाग लिया. तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में याचिका समिति के सभापति जनक सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष सह तरैया विधानसभा प्रभारी रामाशंकर मिश्र शांडिल्य ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया. राष्ट्रीय गीत %वन्देमातरम % के गायन के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि एक विचार है, एक दृष्टिकोण है और एक सतत आंदोलन है. पार्टी का उद्देश्य भारत का पुनर्निर्माण कर इसे सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है. वही जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अपनी विचारधारा की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है. यशस्वी प्रधानमंत्री मोदीजी का लक्ष्य है कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे. प्रशिक्षण को विभिन्न सत्रों में बांटकर कार्यकर्ताओ को अलग अलग विषयों पर जानकारी दी गयी.इस मौके पर पानापुर उत्तरी मंडल के अध्यक्ष कन्हैया पंडित, दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह, आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख मिथिलेश पांडेय, सुरेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह,मनोज कुमार गिरी, सुरेंद्र पंडित, उमेश सिंह कुशवाहा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेटल्स ईटरनल टेक्नो स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया

### बच्चों को अच्छे शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार देने की जरूरत- पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे



**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** बच्चों को अच्छे शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार देने की जरूरत है . उक्त बातें बिहार के पूर्व डीजीपी व संत गुप्तेश्वर पाण्डेय ने प्रखंड के अपहर स्थित पेटल्स ईटरनल टेक्नो स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में कही. उन्होंने आगे कहा कि अपने बच्चों को नैतिकता का पाठ जरूर पढायें. बड़ा आदमी तभी बन सकते हैं जब आपके अंदर दूसरे के प्रति आदर व सम्मान की भावना हो. वहीं विशिष्ट अतिथि जिला पूर्व न्यायाधीश दिनेश शर्मा, प्राचार्य डॉ. प्रमेन्द्र रंजन सिंह, छपरा बार काउन्सिल के अध्यक्ष अधिवक्ता रवि रंजन सिंह व अन्य अतिथियों ने भी विद्यालय की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि गांवों में इस तरह के बेहतर शिक्षण संस्थान के बजह से यहां के बच्चों को अपने घर के पास रहकर अच्छे शिक्षा का संचार हो रहा है. अमनौर, अपहर की धरती एक से एक विभूति की धरती रही है.जो देश व दुनिया में परचम लहराने का काम किया है और अभी कई क्षेत्रों में देश की सेवा में लगे हैं.इस मौके पर सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रो शिवानन्द उपाध्याय ने अंग वस्त व मोमेंटो भेंट कर किया. वहीं विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन विद्यालय के प्राचार्य कुंदन तिवारी पढ़ा. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सफल बच्चों को पुरस्कृत किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्राचार्य डॉ महामाया प्रसाद विनोद, अम्बिका राय, रामप्रवेश पंडित, राज कुमार श्रीवास्तव,अल्पना मिश्रा, शिक्षक चंदन कुमार, नवीन पूरी, सुरज पाण्डेय, शुभांकर उपाध्याय, रवि रंजन उपाध्याय, पिंकी राय, राहुल राय आदि सैकड़ों शिक्षाविद, अभिभावक व छात्र छात्राएं शामिल थे. मंच का संचालन संजय मिश्रा ने किया.

## ज्वेलर्स चोरी कांड में शामिल चार बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान। गुठनी** थानांतर्गत आयुष ज्वेलर्स में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने घटना में संलिप्त चार बदमाशों को चोरी की सामान के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गुठनी थाना क्षेत्र के डरैला निवासी सह वर्तमान पता देवरिया जिला के बनकटा थाना क्षेत्र के अकटही निवासी टाइगर जयसवाल, समसुल आजम अंसारी, धोनी जायसवाल व बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर निवासी प्रिंस वर्मा है। इस संबंध में मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 17/18 मार्च की रात्रि में गुठनी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनौती बाजार स्थित आयुष ज्वेलर्स की दुकान का शटर काट कर अज्ञात चोरों द्वारा कीमती सामान सोना चांदी के आभूषण को चोरी कर लेने की घटना की गई थी। जिस संबंध में गुठनी थाना द्वारा धारा-307/331 (2) बीएनएस के तहत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मैरवा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान कर कांड का सफल उद्भेदन किया गया। अभियुक्त प्रिंस वर्मा को चोरी का सामान रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त टायगर जायसवाल का आपराधिक इतिहास है उस पर यूपी के बनकट्टा थाना में केस है। छापेमारी टीम में गुठनी थानाध्यक्ष सह पुअनि सुनील कुमार, पुअनि निरंजन कुमार, परि पुअनि राजनंदनी कुमारी, सअनि अमरेश कुमार, सअनि पंकज कुमार एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

# विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,दर्शन नगर, छपरा के वार्षिक परीक्षा-2025-26 का परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय की लिखित परीक्षा लोक शिक्षा समिति के निर्देशानुसार 10 मार्च से 24 मार्च 2026 तक सम्पन्न हुई।इसके उपरांत कॉपी का मूल्यांकन शून्य त्रुटि रहित के आधार पर 28 मार्च तक सम्पन्न कराने के बाद नेप 2020 के परिपेक्ष्य में 360 डिग्री पद्धति को अपनाते हुए परीक्षाफल तैयार किया गया। आज परीक्षाफल परीक्षा प्रमुख मणि भूषण सिन्हा एवं अनिल कुमार आजाद द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य बिनोद कुमार को सुपुर्द किया गया। प्रधानाचार्य बिनोद कुमार के द्वारा वार्षिक परीक्षा की घोषणा की गई। घोषणा करते समय प्रधानाचार्य बिनोद कुमार ने भैया, बहनों को कठिन परिश्रम करने की सलाह दी। उन्होंने परीक्षाफल के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न टिप्स को बताया ।परीक्षाफल के आधार पर चयनित प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय (कक्षा सह) भैया- बहनों को एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया । इस सम्मान समारोह में भैया -बहन उत्साहित नजर दिखे एवं एक दूसरे में प्रतिस्पर्धा की भावना भी दिखी। जो चौमुखी विकास को परिलक्षित करता है । विद्यालय स्तर पर शिशु मंदिर में कक्षा प्रभात की बहन संबोधी प्रिया (पिता - सतीश कुमार) ने 98.6त्न अंक और विद्या मंदिर में कक्षा सप्तम %स % के दीपा कुमारी (पिता - सत्येंद्र कुमार चौरसिया) 98.6त्न अंक लाकर विद्यालय के टॉपर विद्यार्थी बन गए। भैया- बहन का सम्मान समारोह परीक्षा प्रमुख अनिल कुमार आजाद के देखरेख में संपन्न हुआ। वार्षिक फल के घोषणा के समय प्रभारी राजेश कुमार पाठक, परीक्षा प्रमुख मणिभूषण सिंह एवं अनिल कुमार आजाद, राजेश कुमार ,नीलू सिंह, रंजीता सिंह, प्राची, मनीष कुमार सिंह, अंजली कुमारी, रिचा गुप्ता, योगेश त्रिपाठी, रितेश रंजन,आशुतोष कुमार, दिलीप त्रिपाठी ,राकेश मिश्र इत्यादि आचार्य बंधु -भगिनी एवं भैया बहन तथा अभिभावकगण उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस के सोनपुर विधानसभा अध्यक्ष बने सुधीर कुमार राय

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** आगामी राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए कांग्रेस ने सारण जिले में संगठन को धार देने की कवायद तेज कर दी है। इसी रणनीति के तहत जिले को पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में विभाजित कर नए नेतृत्व की नियुक्ति की गई है। पूर्वी सारण की जिम्मेदारी सोनपुर के मानपुर निवासी सुधीर कुमार राय को सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व का यह फैसला संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से लिया गया है। लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े और संगठनात्मक अनुभव रखने वाले सुधीर राय को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुना गया है। सुधीर कुमार राय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 2005 में कांग्रेस के सक्रिय सदस्य के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने युवा कांग्रेस में सोनपुर विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए वे जिला कांग्रेस के महासचिव और उपाध्यक्ष पद पर भी कार्य कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति के बाद सोनपुर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर उनका स्वागत किया और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार राय ने कहा कि वे कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूती देंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

## चार वर्षों का होल्डिंग टैक्स एकमुश्त वसूली से मशरक में बढ़ा असंतोष

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स की वसूली को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। वहीं गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद भी अपेक्षित नागरिक सुविधाओं का विस्तार नहीं हो सका है। इसके बावजूद अब एक साथ कई वित्तीय वर्षों का होल्डिंग टैक्स मांगा जा रहा है। इससे आम लोगों पर अचानक आर्थिक बोझ बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि टैक्स वसूली के तरीके ने भ्रम और नाराजगी की स्थिति पैदा कर दी है। नगरवासी इस मामले में राहत की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मशरक नगर पंचायत की अधिसूचना मार्च 2021 में जारी हुई थी। शुरुआती वर्ष से ही टैक्स वसूली क्यूं नहीं की गयी। वहीं अभी वर्तमान में नगरवासियों से चार वित्तीय वर्षों का टैक्स एक साथ मांगा जा रहा है। एकमुश्त इतनी बड़ी राशि की मांग से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अलग-अलग समय का चारो बार का टैक्स मांगने से भ्रम की स्थिति बन गई है। एक ही व्यक्ति से एक बार चार वर्षों का टैक्स की मांग लोगों को उचित नहीं लग रही है। नगर पंचायत वासी इसे प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बता रहे हैं। आपकों बता दें कि नगर पंचायत मशरक में कुल 16 वार्ड हैं। इनमें कई वार्ड पहले ग्रामीण क्षेत्र का हिस्सा रहे हैं। वार्ड संख्या 1, 2,6, 14,15 और 16 के लोगों ने सुविधाओं की कमी की शिकायत की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क, नाली और सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है। पेयजल का घोर अभाव और स्ट्रीट लाइट तो अधिकांश फेल जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। ऐसे में लोग कह रहे हैं कि ग्राम पंचायत व्यवस्था ही बेहतर थी। अधिकांश वार्डों के लोगों का कहना है कि होल्डिंग टैक्स वसूली के लिए सड़कों का चयन करने में भी घोर अनियमितता की गयी। कुछ वार्डों के लोगों का कहना है कि उनके घर के पास न सड़क है और न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है। कभी नियमित सफाई भी नहीं होती है। पानी का कनेक्शन भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा होल्डिंग टैक्स की मांग की जा रही है। उन्होंने इसे लोगों को अनावश्यक परेशान करने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि सुविधाएं दे और टैक्स वसूले, इसमें किसी को आपत्ति नहीं होंगी। नगर पंचायत के कई लोगों ने टैक्स भुगतान में राहत देने की मांग की है। राज गौरव, मनोज कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार और संजीव कुमार ने कहा कि किस्त की भी व्यवस्था होनी चाहिए। अधिकारियों की लापरवाही आम लोगों पर बोझ बन गई है। यदि किस्तों में ली जाती है तों इससे लोगों पर आर्थिक बोझ कम होगा। आपको बता दें कि आने वाले नगर पंचायत चुनाव में भी इस मुद्दे पर पद का लाभ ले रहे जनप्रतिनिधियों को भारी आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है। वहीं बीते दिनों पहले नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार ने बताया कि टैक्स वसूली सरकार के नियमों के अनुसार हो रही है। यह नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रावधानों के तहत की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह वसूली वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत हो रही है। इस योजना में 31 मार्च तक जमा करने पर ब्याज में छूट भी दी गई है। नगर पंचायत के लोगों ने इस व्यवस्था से परेशान होकर जनप्रतिनिधियों से भी हस्तक्षेप की मांग की। लोगों ने चेयरमैन सोहन महतो, उप मुख्य पार्षद नमिता देवी और वार्ड पार्षदों से इस मामले में समाधान की उम्मीद जताई है।

## वाहन जांच के दौरान दो अलग-अलग बाइक से 90 लीटर देशी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो अलग-अलग बाइक से 90 लीटर देशी शराब बरामद कर मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ताजपुर-मांझी और ताजपुर-एकमा मुख्य सड़क होकर बड़ी मात्रा में शराब ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मांझी-ताजपुर मुख्य मार्ग पर वाहन जांच शुरू की। कुछ ही देर बाद सलेमपुर प्राथमिक विद्यालय के पास एक स्कूटी की तलाशी लेने पर सीट के अंदर से 30 लीटर देशी शराब बरामद की गई, साथ ही पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी जब्त कर लिया। दूसरी वाहन जांच की कार्रवाई ताजपुर-एकमा मुख्य मार्ग पर की गई। यहां जूट के बोरों में भरकर काले रंग की स्प्लेंडर बाइक से तस्करी कर रहे दो तस्करों को 60 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर तस्करी में शामिल बाइक को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में दशरथ यादव पिता धूमराज यादव, संजय यादव पिता रामनाथ यादव दोनों ग्राम भभौली, और राजकुमार बिन्द पिता भोला बिन्द ग्राम सोनबरसा थाना मांझी शामिल है। तीनों गिरफ्तार तस्करों के अलावा एक अन्य तस्कर के विरुद्ध मांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। तीनों गिरफ्तार तस्करों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## शिवशक्ति महायज्ञ को लेकर चांदपुर में किया गया ध्वजारोहण

**पचरुखी (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के चांदपुर गांव में मंगलवार को प्रतिष्ठात्मक शिवशक्ति महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण से यज्ञाचार्य संतोष द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराया। महायज्ञ के आयोजक महंत मुरारी दास ने बताया कि 27 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन होगा। इस दौरान रासलीला, रामलीला, श्रीमद्भागवत कथा के साथ प्रतिदिन विशाल भंडार का भी आयोजन होगा। महायज्ञ में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। उक्त महायज्ञ पांच मई को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो जायेगा। मौके पर महामंडलेश्वर बबुआ जी सरकार, महंत श्री मुन्ना दास, महंत अशोक दास जी महाराज, महंत सुरेन्द्र दास जी महाराज, उपेंद्र यादव, भुटेली यादव, रामेश्वर यादव, ओमप्रकाश पासवान समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## पानापुर के सेमराहा गांव में बंद घर का ताला तोड़ चोरी

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के सेमराहा गांव में बीती रात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़ चोरी कर ली. हालांकि चोरों ने कितनी संपत्ति की चोरी की यह यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. बताया जाता है कि सेमराहा गांव निवासी सर्वजीत प्रसाद सपरिवार बाहर रहते है. इसी का फायदा उठा सोमवार की रात चोर छत के सहारे घर में घुस गए एवं ग्रिल एवं कमरों का दरवाजा तोड़ चोरी कर ली.चोरों ने बक्सा, अलमीरा, दिवान पलंग तोड़ कीमती सामानो की चोरी कर ली है. मंगलवार की सुबह जब ग्रामीण जगे तो घर का दरवाजा खुला देख स्थानीय थाने में सूचना दी. सूचना पाकर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची एवं मामले की छानबीन की. बेलौर पंचायत के मुखिया सुनील राय ने बताया कि गृहस्वामी को चोरी की सूचना दे दी गयी है. गृहस्वामी के घर पहुंचने के बाद ही चोरी गयी संपत्ति का पता चल सकेगा.

## वेब जर्नलिट्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के बिहार के कार्यकारी अध्यक्ष बने अक्षय आनंद



**दैनिक खोज खबर/पटना, बिहार।** वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बिहार इकाई में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक घोषणा की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल की सहमति से राष्ट्रीय महासचिव मधुप मणि ÷पिक्कू÷ ने डिजिटल पत्रकारिता में 10 साल का अनुभव रखने वाले लाइव सिटीज के पत्रकार अक्षय आनंद को बिहार प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।अक्षय आनंद ने पूर्व मे वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पटना जिला सचिव एवं बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया हैं। संगठन ने उनके अनुभव, सक्रियता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।राष्ट्रीय कमिटी को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा, मजबूती और विस्तार मिलेगा, साथ ही डिजिटल पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सकारात्मक पहल देखने को मिलेगी।इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को उनके अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और वे बिहार में वेब पत्रकारों के हितों को और सशक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे।

## मृतकों के पीड़ित परिजनों से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल

### सांसद रूडी ने पीड़ित परिवार जनों से मोबाइल पर की बात



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** संसद राजीव प्रताप रूड़ी के निर्देश पर शव यात्रा सड़क हादसा में मृतकों के परिजनों से भाजपा का प्रतिनिधि मंडल मिला। मंगलवार को सांसद के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने लेरुआ गांव पहुंच कर परिजनों को अपनी ओर से संवेदना प्रकट किया। वही मौके पर सांसद प्रतिनिधि के तौर पर दीपक सिंह ने मोबाइल फोन से सांसद रूडी से परिजनों को बात कराया। श्री रूडी ने मृतक के पीड़ित परिवार जनों से घटना की जानकारी ली और कहा कि इस विपदा की घड़ी में मैं आप लोगों के साथ खड़ा हूं, जो भी सहायता की जरूरत पड़ेगी, मैं अपने स्तर से पूरी मदद करूंगा। बता दे कि बीते दिनों मढ़ौरा के लेरुआ गांव से शव को श्मशान घाट रिविलगंज बस से ले जाया जा रहा था कि खैरा थाना क्षेत्र के रामपुर कला गांव में ट्रैक्टर से टकरा कर बस पलट गई। जिसमें आठ लॉग जख्मी हो गए और दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।मौके पर मुख्य रूप से जिला पार्षद मीना अरुण सिंह, पूर्व मुखिया अरुण सिंह, रिटायर्ड शिक्षक तेज नारायण सिंह, अरविंद सिंह, पूर्वी मंडल मंडल अध्यक्ष अंबिका मांझी, अभिषेक सिंह, ओबीसी जिला मोर्चा पूर्वी मंडल अनिल शर्मा, संतोष सिंह, बलबीर सिंह, जिला महामंत्री निरंजन शर्मा, भोला सिंह, सतीश सिंह, वार्ड सदस्य जितेंद्र राय, पीड़ित परिवार से आकाश सिंह, श्याम बहादुर सिंह, विकास सिंह, पवन, युवराज व अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में मारपीट व चाकूबाजी, चार गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** थाना क्षेत्र के नौतन में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व चाकूबाजी मामले में स्थानीय पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया ।? वहीं पुलिस के द्वारा दोनों पक्ष के कुल 11 लोगों पर प्राथमिक दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। प्रथम पक्ष से नौतन निवासी ओम प्रकाश महतो की पत्नी मीना देवी ने पुलिस को बयान दिया है कि नौतनी तिनमुहानी पर उनके पुत्र सूरज कुमार के साथ आकाश कुमार, अर्जुन कुमार और अरुण राम के द्वारा अन्य तीन चार अज्ञात लोगों के साथ घेर कर मारपीट किया गया और चाकूबाजी किया गया जिससे उनका पुत्र बुरी तरह घायल हो गया । वहीं दूसरे पक्ष से रविंद्र महतो की पत्नी रेणु देवी ने दर्ज प्राथमिक की में कहा है कि सूरज कुमार समेत नामित आठो लोग लाठी डंडा लेकर उनके पुत्र के साथ मारपीट कर रहे थे और इस दौरान जो बीच बचाव करने पहुंचे तो उनके पुत्र पर आरोपियों के द्वारा चाकू से हमला किया गया ।

# मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा कार्यालय।स्थानीय आशीर्वाद मार्केट कॉम्प्लेक्स में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार बोर्ड की 10वीं परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए भगवान बाजार क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में नंदनी कुमारी,फिव्य कुमारी,फिजा खान, आफरीन खान,वैष्णवी कुमारी,आँचल, मेहर प्रवीण,हेमंत कुमार पांडेय,करण कुमार,विशाल कुमार,गोविंद कुमार,गोलू कुमार, शिवम कुमार शामिल थे।यह कार्यक्रम समाजसेवी एवं अभिनोवशन ग्रुप ऑफ कम्पनीज के चेयरमैन अभिजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समारोह में छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव ने की, जबकि जिला अध्यक्ष कमल किशोर सहाय ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

### कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक अरुण ( संस्थापक, रेडियो मयूर ) द्वारा किया गया

इस अवसर पर समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं कायस्थ परिवार के मुख्य संयोजक अभिजीत श्रीवास्तव के सौजन्य से सभी मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि, मेडल, पौधा (वृक्षारोपण हेतु) एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके माध्यम से न केवल शिक्षा को बढ़ावा दिया गया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें कायस्थ परिवार के महासचिव अजय सहाय, कृष्णानंद पांडेय, पवन राय, असलम खान, मुकेश कुमार एवं बजरंग दल के सौरव श्रीवास्तव प्रमुख रूप से शामिल थे। अपने संबोधन में अभिजीत श्रीवास्तव ने कहा कि ÷शिक्षा का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। केवल शिक्षा के माध्यम से ही नई पीढ़ी अपने समाज और देश का विकास कर सकती है।÷ उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जाहिर की और इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की।

## 24 घंटे का अखंड अष्टयाम हेतु सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलभरी के लिए कलश यात्रा निकाली

**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** प्रखंड के अमनौर धर्मपुर जाफर हाई स्कूल के पास स्थित भगवती स्थान में आयोजित 24 घंटे का अखंड अष्टयाम हेतु मंगलवार को सैकड़ों श्रध्दालु महिलाओं ने जलभरी के लिए कलश यात्रा निकाली. जिसमें लाल पिले व भागवा रंग के कपड़ें पहन व सजधज कर श्रद्धालु महिलाएं अपने सर पर कलश लेकर उक्त भगवती स्थान से चल कर अमनौर बाजार होते हुए बडा़ पोखरा पहुँची. कलशयात्रा के दौरान हाथी, घोड़े, बैंड बाजा के साथ श्रद्धालु भक्तों के जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो रहा था. आचार्य केदार पांडेय तथा सतीश तिवारी के मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना के बाद जलभरी की गयी. जलभरी कर श्रद्धालु भक्त कलश यात्रा के साथ भगवती स्थान पर पहुँची. जिसके बाद मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना के साथ 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू किया. उक्त मौके पर मुख्य रूप से सरपंच रणधीर कुमार ,अशोक गुप्ता, जन सुराज नेता कुलदीप महासेठ,शेखर पटेल,सुमन सिंह, जयप्रकाश शर्मा, मनोज प्रसाद, विकाश सिंह, नागेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र शर्मा, ब्रजेश्वर चौधरी, निरंजन कुमार, रवि कुमार, निशा सिंह, शिल्की कुमारी ,अनुराधा देवी, देवती देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त आदि शामिल थे.

## 30 मार्च को घर आने के क्रम में बोलेरो में सवार चार लोगों द्वारा अपहरण करने का परिजनों ने लगाया है आरोप

**परवेज अख्तर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र स्टेडियम के समीप अपराधियों द्वारा एक किशोर का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। बोलेरो में सवार चार लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने उसके पिता के आवेदन पर प्राथमिकी कर मंगलवार को न्यायालय में प्रेषित कर दिया। पीड़ित किशोर थाना क्षेत्र के शांति नगर निवासी राजेश कुमार श्रीवास्तव का सोलह वर्षीय पुत्र रितिक कुमार श्रीवास्तव है। पीड़ित राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि उनका पुत्र रितिक 30 मार्च की सुबह साढ़े नौ बजे दक्षिण टोला ब्रह्म स्थान के पास स्थित उत्कर्ष स्माल फाइनांस बैंक में लोन का किस्त जमा करने गया था। वहां से घर लौटने के क्रम में राजेंद्र स्टेडियम के पास एक बोलेरो पर सवार कार्तिकदेव तिवारी व उसके पुत्र मनीष कुमार तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उसका अपहरण कर लिया। हालांकि बच्चा इसी बीच सकुशल बरामद हो गया। । इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोर बरामद हो गया है। उससे जानकारी ली जा रही है वहीं मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।


## सिवान- दो को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में विरोध-प्रदर्शन करेंगे कांग्रेसजन

**परवेज अख्तर/सिवान।** घरेलू गैस की बढ़ती किल्लत और पेट्रोल, डीजल व बिजली के दरों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने दो अप्रैल को केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करने की घोषणा की है।इसको लेकर जिला स्तर से तैयारी भी शुरू कर दी गई है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पर्यवेक्षकों की नियुकि्त भी कर दी गई है। मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त विशेष प्रवक्ता सह सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय यादव ने कहा कि वर्तमान युद्ध संकट में सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में ऊर्जा का संकट आया है। उन्होंने बताया कि आम जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से त्रस्त है। रसोई गैस की उपलब्धता में भारी कमी और पेट्रोल-डीजल व बिजली की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा जब तक आम जनता को एलपीजी, महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से राहत नहीं मिलती, तब तक पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी।

## सिवान - एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर सख्त नजर रखें सभी पदाधिकारी - सचिव

**परवेज अख्तर/सिवान।** बिहार सरकार के ऊर्जा विभाग के सचिव सह बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सह जिला के प्रभारी सचिव मनोज कुमार सिंह मंगलवार को सिवान पहुंचे। इस दौरान संवाद कक्ष में उन्होंने क्राइसिस मैनेजमेंट कमिटी से संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साथ हीं जिले में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। वहीं डीएम ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता है। बताया कि जिले में कुल 48 वितरकों के पास 21 हजार 114 घरेलू गैस सिलिंडर उपलब्ध है। इसमें इंडेन के 30 वितरकों के पास 13 हजार 728 घरेलू गैस सिलिंडर, भारत गैस के 10 वितरकों के पास 4947 तथा एचपी के आठ वितरकों के पास 2439 घरेलू गैस सिलिंडर शामिल हैं। इसपर प्रभारी सचिव ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर सख्त नजर रखने के निर्देश दिए। साथ हीं घरेलू गैस सिलेंडिर की घर-घर होम डिलीवरी करवाने की बात कही। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि जिले में पाइपलाइन के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले पीएनजी गैस आपूर्ति हेतु चल रहे कार्य को तीव्र गति से पूरा कराएं। इससे पूर्व सर्वप्रथम जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय व पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने जिला समाहरणालय परिसर में उन्हें पौधा देकर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्हें जिला पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया।

# 24 घंटे का अखंड अष्टयाम हेतु सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलभरी के लिए कलश यात्रा निकाली



**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** प्रखंड के अमनौर धर्मपुर जाफर हाई स्कूल के पास स्थित भगवती स्थान में आयोजित 24 घंटे का अखंड अष्टयाम हेतु मंगलवार को सैकड़ों श्रध्दालु महिलाओं ने जलभरी के लिए कलश यात्रा निकाली. जिसमें लाल पिले व भागवा रंग के कपड़ें पहन व सजधज कर श्रद्धालु महिलाएं अपने सर पर कलश लेकर उक्त भगवती स्थान से चल कर अमनौर बाजार होते हुए बड़ा पोखरा पहुँची. कलशयात्रा के दौरान हाथी, घोड़े, बैंड बाजा के साथ श्रद्धालु भक्तों के जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो रहा था. आचार्य केदार पांडेय तथा सतीश तिवारी के मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना के बाद जलभरी की गयी. जलभरी कर श्रद्धालु भक्त कलश यात्रा के साथ भगवती स्थान पर पहुँची. जिसके बाद मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना के साथ 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू किया. उक्त मौके पर मुख्य रूप से सरपंच रणधीर कुमार ,अशोक गुप्ता, जन सुराज नेता कुलदीप महासेठ,शेखर पटेल,सुमन सिंह, जयप्रकाश शर्मा, मनोज प्रसाद, विकाश सिंह, नागेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र शर्मा, ब्रजेश्वर चौधरी, निरंजन कुमार, रवि कुमार, निशा सिंह, शिल्की कुमारी ,अनुराधा देवी, देवती देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त आदि शामिल थे.

## शिल्हौरी में होगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा

प्रचार रथ को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रसिद्ध शिल्हौरी मंदिर में प्रस्तावित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा प्रचार रथ को विधायक व अन्य गणमान्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को मंदिर परिसर में पूर्व मंत्री स्थानीय विधायक जितेन्द्र कुमार राय, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र राय, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि शीला राय व अन्य अतिथियों ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि नौ दिवसीय महायज्ञ आगामी 23 मई 2026 से शुरू होगी और 31 मई को संपन्न होगा। इसके पूर्व 22 मई को भव्य कलश यात्रा एवं 23 मई को अग्नि मंथन का कार्यक्रम निर्धारित है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि महायज्ञ के सफल संचालन के लिए महासंत नारद बाबा, श्रीधर बाबा, मुरारी स्वामी व अरुण पुरोहित का मार्गदर्शन और सानिध्य में होगा।मौके पर संत मुरारी स्वामी, पंडित अलोक कुमार उपाध्याय, डॉ लाल बाबू राय, मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह, हरेश पासवान, पूर्व मुखिया अभिषेक राय जुगुनू, बीडीसी अंकित कुमार, राकेश कुमार राय, पैक्स अध्यक्ष काशी राय, मंदिर न्यास समिति के सचिव डॉ. जितेन्द्र राय, पुजारी धर्मेंद्र उपाध्याय, पंडित सर्वेश्वर उपाध्याय, चंद्रमा साह, आनंद कुमार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सलिमापुर में 31 कुंडलीय सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 18 मई से होगा



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड के सलिमापुर में 31 कुंडलीय सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर विधि विधान पूर्वक ध्वजारोहण किया गया।मंगलवार को सलिमापुर बड़ा पोखरा पर यज्ञ कर्ता श्री स्वामी सत्यनारायण आचार्य फलहारी महाराज जी के उपस्थिति में आचार्य पं विजय शंकर पांडे ने मंत्रोच्चारण कर ध्वजारोहण कराया गया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि सलिमापुर पोखरा पर 31 कुण्डीय सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन दिनांक 18 मई 2026 से 24 मई 2026 तक चलेगा। जिसमें यज्ञ परिभ्रमण, आरती, भजन, प्रवचन, हवन आदि का कार्यक्रम यज्ञ अवधि में अनवरत चलेगा। मनोरंजन के लिए टॉवर झूला, मौत का कुंआ, मीना बाजार आदि की व्यवस्था रहेगी। ध्वजारोहण के मौके पर यज्ञकर्ता श्री स्वामी सत्यनारायण आचार्य फलहारी महाराज जी के, आचार्य पं विजय शंकर पांडे, पूर्व मुखिया अरुण सिंह, बीडीसी मोहन सिंह, अजीत सिंह उप मुखिया, संजय सिंह डॉ विक्की, चंदन सिंह, सिंटू सिंह, बिट्टू सिंह, शैलेश सिंह, विजय राय, सुबोध सिंह, जीतू सिंह, अजय सिंह, संजीव सिंह, रोहित सिंह के साथ दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

## मैरवा की बेटी श्रुति का एशिया कप हेतु भारतीय अंडर 20 फुटबॉल टीम में चयन

चैंपियनशिप में 20 वर्ष बाद भारतीय टीम ने क्वालीफाई किया

**दैनिक खोज खबर/मैरवा (सिवान)।** एशियन फुटबॉल फेडरेशन द्वारा थाईलैंड में 3 अप्रैल से आयोजित अंडर 20 एशियन महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय फुटबॉल टीम में मैरवा की बेटी श्रुति कुमारी का चयन हुआ है। श्रुति मैरवा प्रखंड स्थित हरनाथपुर गांव के अभय यादव की पुत्री है। श्रुति के बारे में श्रुति के कोच संजय पाठक ने बताया कि श्रुति आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मैरवा में वर्ग 6 क्लास से लेकर के और इंटरमीडिएट तक रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की आवासीय प्रशिक्षण तथा बाद में गैर आवासीय प्रशिक्षण के रूप में लक्ष्मीपुर गांव में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।इस दौरान श्रुति ने राष्ट्रीय स्तर पर बिहार टीम में शामिल होकर आधा दर्जन से अधिक बार बिहार के लिए पदक जीता तथा बिहार सरकार द्वारा खेल सम्मान से सम्मानित हुई |पाठक ने बताया कि श्रुति को बिहार सरकार द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत मुजफ्फरपुर समाहरणालय में नियुक्त है तथा प्रोफेशनल फुटबॉल के लिए दिल्ली स्थित गढ़वाल एफ सी की ओर से आई डब्ल्यू एल जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में भाग ले रही है। पाठक ने बताया कि गढ़वाल एफ सी में जाने से श्रुति के खेल में काफी निखार आया है।बताते चले कि श्रुति दो बहन है दोनों बहनों ने रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में रहते हुए कोच संजय पाठक से प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा बिहार के लिए पदक दिया है। जिसके कारण बिहार सरकार द्वारा दोनों बहनों को खेल कोटा से नौकरी मिली है। श्रुति के भारतीय टीम में चयनित होने पर बिहार राज्य फुटबॉल संघ के सचिव इम्तियाज हुसैन, संयोजक असगर हुसैन, सिवान जिला फुटबाल संघ के सभी पदाधिकारियों सहित आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंह, सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, डॉक्टर रामजी चौधरी, डॉक्टर सत्य प्रकाश, डॉ अशोक कुमार ,डॉक्टर राम इकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर इंद्र मोहन, डॉक्टर शंकर सिंह, डॉक्टर आरती पांडेय ,डॉक्टर रिता सिंहा, डॉक्टर संगीता चौधरी, डॉक्टर जे एन प्रसाद,आर एल वी एस ए फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक डॉक्टर आर एन ओझा ,संरक्षक बसंत कुमार पाठक, आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा, अलख निरंजन पांडेय ,सलमा खातून सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



श्रुति कुमारी

## कार में छुपाकर लाई जा रही भारी मात्रा में शराब जब्त

**परवेज अख्तर/सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर सोमवार को एक कार में छुपा कर लाई जा रही भारी मात्रा में शराब को बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर यूपी के कुशीनगर जिला रामवर्ग बुर्जुग निवासी कृष्णा मद्धेशिया व मुजफ्फरपुर निवासी बिट्टू कुमार है। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। वहीं उनकी निशानदेही पर अन्य जगहों पर जांच की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार को सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से अवैध शराब की खेप एक कार के जरिए सिवान सहित बिहार के अन्य जिलों में भेजी जा रही है। सूचना मिलते ही उत्पाद इंस्पेक्टर ने पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान जीरादेई के समीप यूपी की ओर से आ रही बिहार नंबर की कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और भागने का प्रयास किया। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भंटापोखरा के समीप कार को जब्त करते हुए दो तस्करों को पकड़ लिया। कार से 32 कार्टन शराब बरामद हुई। इस दौरान उत्पाद विभाग व तस्कर की वाहन क्षतिग्रस्त हो गई।

## अधिवक्ता सफाक अहमद सिद्दीकी के खिलाफ ग्रामीणों ने सारण एसपी से की शिकायत

लगाया झूठे मुकदमे से बचाने की गुहार

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** जिले के इसुआपुर थाने के चान्दपुरवां गांव के ग्रामीणों ने छपरा सिविल कोर्ट के अधिबक्ता सफाक अहमद सिद्दीकी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक सारण को एक आवेदन दिया है . जिसमे अधिबक्ता पर कई गम्भीर आरोप लगाते हुए गांव के युवा तथा बच्चों के भविष्य को बचाने की गुहार लगायी गई है.ग्रामीणों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में कहा गया है कि चन्दपुरवां गांव निवासी अधिवक्ता अफाक अहमद सिद्दीकी छोटी छोटी बातों पर ग्रामीणों से लड़ते रहते हैं तथा अधिबक्ता होने का नाजायज फायदा उठाकर ग्रामीणों पर कानून का डंडा चलाते रहते हैं. लोगों के साथ गाली-गलौज, धमकी और झूठे मुकदमों में फंसाने जैसे कार्य करते रहते हैं।इस बाबत शिकायतकर्ता मुज़म्मिल हुसैन समेत दर्जनों ग्रामीणों ने आवेदन में दस्तखत कर 6 अधिवक्ता पर अपने पेशे और कानूनी ज्ञान का दुरुपयोग कर गांव में भय का माहौल बनाने का आरोप लगाया है तथा एसपी सारण से अपने स्तर से जांच कर न्याय दिलाने की अपील की है.आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि 13 फरवरी 2026 को बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर अधिवक्ता द्वारा 6 ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गईहै . पुनः 23 मार्च 2026 को सात लोगों के खिलाफ भी एक कथित फर्जी मुकदमा दर्ज करायी गई है. ग्रामीणों का कहना है कि उस दिन गांव में कोई घटना ही नहीं घटी है. जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है उस दिन वे लोग रोजी-रोटी के सिलसिले में बिहार से बाहर थे. अधिवक्ता अक्सर उन्हें यह कहकर डराते-धमकाते हैं कि वे वकील हैं और किसी को भी मुकदमे में फंसा सकते हैं.इस संबंध में ग्रामीणों ने 28 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक सारण के लोक शिकायत कोषांग में आवेदन दिया है.जिसमे सुरक्षा देने तथा झूठे मुकदमों से बचाने की गुहार लगाई गई है.

## इसुआपुर सीएचसी में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर (सारण)।** सीएचसी इसुआपुर के स्वास्थ्य प्रशिक्षक अनिल कुमार मांझी के अवकाश उपरांत मंगलवार को बिदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर मौजूद चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा गणमान्य लोगों ने उन्हें अंग वस्त्र, गुलदस्ता, बुके एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तूलिका कुमारी की अध्यक्षता तथा भीबीडीएस रंजन कुमार सिंह के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रशिक्षक के रूप में उनके कार्यकाल की सराहना की गई.पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिजय किशोर ने कहा गया कि अनिल जी एक कुशल व कर्तव्यनिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है. स्वास्थ्य के हर क्षेत्र में उन्हें महारत हासिल थी. उनके कार्यकाल को अविस्मर्णीय बताया . मौके डॉ संदीप कुमार साहेब, डॉ अमित कुमार प्रभाकर, डॉ अंकुश कुमार, डॉ फ़ैज़ अहमद सम्स, डॉ सुनील कुमार भक्त, स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी, प्रधान लिपिक मनोज सिंह, वरीय एएनएम प्रियंवदा कुमारी, प्रमिला कुमारी, संतोष तिवारी,अशोक चौबे,समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

## असांव थाना के नए थानाध्यक्ष ने किया योगदान

**सीवान।** असांव थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में संतोष कुमार ने योगदान कर लिया है।योगदान करने के बाद पचबेनिया गांव में हुई गोलीबारी मामले में बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि पचबेनिया गांव में 27 मार्च को आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट व गोलीबारी हुई थी। इसमें पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद तत्कालीन थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह बदमाशों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं इस घटना में थानाध्यक्ष द्वारा लापरवाही बरतने पर एसपी पूरन कुमार झा ने तत्काल प्रभाव से निलबिंत कर दिया।

## जिले में चला वाहन जांच अभियान

**सिवान।** जिले में अपराध व लूटपाट की घटनाओं पर अंकुश लगाने को ले मंगलवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहनों को रोक कागजातों की जांच की गई। रोको-टोको अभियान के तहत शहर के बबुनिया मोड़, स्टेशन रोड, पीदेवी मोड़, अस्पताल रोड, गोपालगंज मोड़, झूनापुर हाईवे, जेपी चौक सहित पूरे जिले में पुलिस ने दो घंटे से अधिक समय तक सघन अभियान चलाया। जांच के दौरान बाइक की डिक्की से लेकर युवकों की पाकेट तक की तलाशी ली गई। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि प्रतिदिन रोको टोको अभियान के तहत वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बाइक में लगे डिक्की की तलाशी लेने के पीछे उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बाइक सवार किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामान तो लेकर नहीं चल रहे है। कहा कि अपराध की अधिकांश घटनाओं में बाइक के हो रहे उपयोग को देखते हुए इसकी जांच आवश्यक हो गई है।

## बाइक से गिरकर युवक घायल, रेफर

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाइपास में मंगलवार की सुबह बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने इलाज कर स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। घायल की पहचान पकड़ी निवासी मनोज कुमार साह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मनोज अपने दोस्त के साथ बाइक से स्टेशन जा रहा था, तभी बाइक तेज रफ्तार होने के कारण हो गिरकर घायल हो गया।

## नहीं हटाया जा सका अतिक्रमण

**हसनपुरा(सिवान)।** बुडको द्वारा नगर पंचायत हसनपुरा में निर्मित होने वाले आरसीसी नाला का कार्य रामनवमी बाद शुरू होने वाला था, लेकिन अतिक्रमण करने से नाला निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। बीते दिनों बुडको एसडीओ व नगर पंचायत के कार्य पालक पदाधिकारी मुकेश कुमार राज द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण कर रामनवमी व महापर्व चैती छठ पूजा बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कराने को कहा था,लेकिन निर्धारित समय में किसी भी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। गौरतलब हो कि बुडको द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2025-26 अंतर्गत स्टेट हाइवे-89 हसनपुरा चट्टी से लेकर बाजार होते हुए हसनपुरा स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के शाखा तक दोनों तरफ चार -चार फुट आरसीसी नाला निर्माण कार्य कराया जाना है। कार्यस्थल पर कार्य प्रारंभ करने के दौरान पाया गया था कि कार्य स्थल पर स्थानीय ग्रामीण द्वारा अतिक्रमण किया गया था, जहां ईओ द्वारा मापी करा कर चिह्नित किया गया है।

## रामनवमी शोभायात्रा की सफलता पर समिति ने एसडीओ व एसडीपीओ को किया सम्मानित

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय में विगत 27 मार्च को आयोजित भव्य रामनवमी शोभायात्रा को शांतिपूर्ण सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने को लेकर मंगलवार को श्रीराम सेवा समिति के सचिव ब्रजेश कुमार पाठक के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एसडीओ अनीता सिन्हा, एसडीपीओ अमन समेत कई पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर आभार जताया। मौके पर समिति के सचिव ने कहा कि गत छह वर्षों से महाराजगंज में रामनवमी को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है और लगातार शोभायात्रा के दौरान प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग परस्पर मिलता रहा है जिसका प्रतिफल है कि विगत छह वर्षों से महाराजगंज बाजार में रामनवमी की शोभा यात्रा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो जाता है। हालांकि इस बार के रामनवमी शोभा यात्रा में लोगों की अत्यधिक भीड़ थी जिसमें स्थानीय प्रशासन ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर जय श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष कौशल कुमार, दीनदयाल कुमार, उपाध्याय उज्ज्वल कुमार, राजीव रंजन कुमार, रवि विनय, बलिराम कुमार सहित जय श्री राम सेवा समिति से जुड़े समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्य मौजूद थे।

## भारतीय ज्ञान के बिना आधुनिक शिक्षा का समुचित विकास संभव नहीं - डा. जयंत

**सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के सुघड़ी स्थित राजेंद्र किशोरी बीएड कालेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का विषय भारतीय ज्ञान प्रणाली के आलोक में रचनावादी शिक्षण था। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जबकि संस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एवं संरक्षक रूबी कुमारी ने अपने आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा. जयंत कुमार मीते ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति के मध्य समन्वय पर विशेष बल देते हुए कहा कि पारंपरिक भारतीय ज्ञान के बिना आधुनिक शिक्षा का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान पद्धति के साथ- साथ बिहार और बिहार की शैक्षिक उपलब्धि को भी जानना चाहिए। डा. उपेंद्र कुमार एवं डा. मृगेंद्र ने गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा के लिए दोनों पद्धतियों के संतुलित समावेश की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला से प्रशिक्षणार्थियों को नवीन शिक्षण कौशल एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, जो उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास में सहायक सिद्ध होगा।

## पुत्र को झूठे केस में फंसाने को ले मां ने थाने में दिया आवेदन

**परवेज अख्तर/सिवान।** असांव थाना के पचबेनिया निवासी वशिष्ठनारायण पांडेय की पत्नी पुष्पा देवी ने असांव थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र को झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वहीं उन्होंने जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए प्राथमिकी करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि 27 मार्च को मेरा पुत्र विवेक पांडेय उर्फ बिहारी पांडेय अपनी होंडा शाइन बाइक जो मेरे दामाद देशक्रांति मिश्रा के नाम से रजिस्टर्ड है उसी बाइक से अपनी खेत देखने गया था। उसी दौरान पूर्व से रची गई साजिश के तहत गांव के ही रविकांत सिंह, अनिकेत भारती,कटवार निवासी आकाश यादव, एमएच नगर थाना के आदित्य कुमार यादव, एक मुख्य साजिशकर्ता व तीन से चार लोगों ने मेरे पुत्र को जबरन पकड़ लिया और बाइक को अपने कब्जे में लेकर पुत्र को बंधक बनाकर बेरहमी से पिटाई की तथा जबरन खींचते हुए रविकांत सिंह के दरवाजे तक ले गए। वहां भी उसके साथ लगातार मारपीट की गई। उसी दौरान किसी एक आरोपित द्वारा जान से मारने की नीयत से गोली चलाई गई जो रविकांत सिंह को लग गई। फायरिंग के बाद सभी आरोपी अपने बचाव हेतु तत्काल साजिश रचकर मेरे पुत्र को ही इस घटना में झूठे केस में फंसा दिया है। मेरा पुत्र उस समय अकेला एवं असहाय था। उसने तत्काल अपने मोबाइल एवं एक अन्य नंबर से आपातकालीन सेवा 112 डायल किया जिसकी सत्यता काल रिकार्ड एवं सीडीआर के माध्यम से प्रमाणित की जा सकती है।

## युवक ने सीजीरियन पोस्ट वार्ड में घुस भर्ती महिला के ऊपर फेंका स्टूल

**सिवान।** सदर अस्पताल के सिजेरियन पोस्ट वार्ड में मंगलवार की संध्या उस समय अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया जब एक मानसिक रूप से बीमार युवक वार्ड में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान मरीजों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे अन्य सुरक्षा कर्मियों ने उसे बाहर निकाला और जमकर धुनाई कर डाली। इसके बाद उसे अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह नगर थाना क्षेत्र के कागजी मोहल्ला से डायल 112 की पुलिस ने एक मानसिक रूप से बीमार युवक को लाकर सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराई थी। जहां उसका इलाज चल रहा था ,लेकिन अचानक संध्या में उठा और अस्पताल के प्रथम मंजिल पर स्थित सिजेरियन पोस्ट वार्ड में घुस गया। वार्ड में घुसते ही सुरक्षा में तैनात महिला सुरक्षा कर्मी के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद सिजेरियन हुए महिलाओं का सामान इधर-उधर फेंकने लगा।

## तरवारा के फखरुदीनपुर में नवविवाहित की हत्या,प्राथमिकी दर्ज

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के फखरुदीनपुर गांव में सोमवार की देर संध्या ससुराल वालों द्वारा एक नवविवाहित रानी कुमारी की हत्या कर शव को फंदे से लटका देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की मां फखरुदीनपुर निवासी मिंटू साह की पत्नी हिरामती देवी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर गांव के ही चंदन महतो, चंद्रिका महतो, राजू महतो, इंदु देवी, राज कुमार, जागेश्वर महतो और विश्वकर्मा महतो को नामजद करते हुए मारपीट कर चाकू मार कर हत्या करने के बाद शव को फंदा से लटका कर घर से फरार होने का आरोप लगाया है। बताया जाता हैं कि रानी कुमारी ने छह माह पूर्व घर से भाग कर गांव के ही चंद्रिका महतो के पुत्र चंदन महतो के साथ शादी की थी। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग रानी कुमारी के साथ मारपीट और प्रताड़ना करते थे। जहां सोमवार की संध्या उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया मृतका रानी की मां की शिकायत पर प्राथमिकी कर नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाइक चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार की दोपहर ग्रामीणों ने एक चोर को बाइक चोरी करते पकड़ लिया तथा उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस घायल चोर का इलाज अस्पताल में करा अपने कब्जे में रखा है। वहीं बाइक मालिक अपनी बाइक लेकर घर चला गया है। अब थाने में आवेदन हेतु पुलिस बाइक मालिक का इंतजार कर रही है, लेकिन अभी तक बाइक मालिक का कोई पता नहीं है। अपर थानाध्यक्ष अमान अशरफ़ ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार चोर की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जियांय निवासी डब्लू यादव है।

## नेत्र जांच एवं चशमा वितरण शिविर में दूसरे दिन उमड़ी भीड़

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र में सोमवार से 30 दिनों तक चलने वाले निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर के दूसरे दिन मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। प्रबंधक प्रियदर्शनी ने बताया कि सक्षम समाज कल्याण विभाग बिहार एवं राज्य स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में 30 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। इसके सफल आयोजन हेतु व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार किया गया था । इसका परिणाम है कि दूर दराज क्षेत्र से नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह बुनियाद केंद्र की उपलब्धि है कि लोग इसका सेवा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन मंगलवार को लगभग 70 से अधिक लोगों की नेत्र जांच की गई तथा जरूरतमंदों को चश्मा भी दिया गया। इस मौके पर नेत्र विशेषज्ञ सचिन कुमार, निधि कुमारी , अतुल कुमार शुक्ल आदि उपस्थित थे।

## 21 पुड़िया स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, रुपये बरामद

**सीवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खुरमाबाद स्थित ललित बस स्टैंड से पुलिस ने स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार की है। मामले में थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि बस स्टैंड में एक युवक स्मैक का बिक्री कर रहा है। जिसके बाद छापेमारी की गई तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान युवक के पास से 21 पुड़िया स्मैक व चार हजार रुपये भी बरामद किया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर कागजी करवाई पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## आज आम ग्राहकों के लिए बैंक से नहीं होगा लेन-देन

**सिवान।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बुधवार को जिले के सभी बैंक पब्लिक डीलिंग के लिए बंद रहेंगे, जबकि शाखाएं खुली रहेंगी। हालांकि बैंक शाखाएं बंद रहने के बावजूद ग्राहक यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे ट्रांसफर या निकाल सकते हैं, लेकिन चेक क्लियरिंग, डिमांड ड्राफ्ट और शाखा से जुड़े काम इन दिनों नहीं होंगे। सेंट्रल बैंक के वरीय प्रबंधक शशि कपूर ने बताया कि ग्राहक एटीएम से ही लेन-देन का कार्य कर सकते हैं।

## नहर में गिरने से बाइक चालक की मौत

बड़हरिया (सिवान)। थाना क्षेत्र के नवलपुर गांव में सोमवार की रात नहर में गिरने से एक बाइक चालक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान गोपालगंज जिला काकड़ कुंड निवासी रहमत अली के पुत्र असलम अली (38) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि असलम अली अपनी बाइक से जामो की ओर से लौट रहा था। तभी नवलपुर गांव में अचानक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया जिससे उसकी सिर में चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि युवक किसी कार्य को लेकर अपने संबंधी के यहां गया था जो जामो की तरफ से आ रहा था। घर लौटते समय उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नवलपुर स्थित नहर में अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई।

